प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- गृह मंत्री अमित शाह बीकानेर दौरे के तहत आज सीमा प्रहरियो से संवाद करेंगे–सरहदी सुरक्षा पर भी मंथन होगा।

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर ईंधन, उर्वरक और विदेशी मुद्रा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

- प्रदेश मे वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज से ऑनलाईन आवेदन किये जा सकेंगे।

- राज्य में चल रहे भीषण गर्मी के दौर के बीच अब दिन के साथ रातें भी काफी गर्म हो रही है–मौसम विभाग ने अगले दो तीन दिन में तापमान में और बढोतरी की संभावना जतायी।

000000

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बीकानेर दौरे के दूसरे दिन आज अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित बीएसएफ की सांचू चौकी जायेंगे। वे सुरक्षा बलो के जवानों से बातचीत कर उनके लिए कल्याणकारी योजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। इसके बाद बीकानेर में सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर अधिकारियों के साथ मंथन करेंगे। इस बैठक में गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के अधिकारी, बी.एस.एफ अधिकारी पांच सीमावर्ती जिलों के जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। बीएसएफ सेक्टर में होने वाली इस समन्वय बैठक में पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये होने वाली मादक पदार्थो और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए कार्ययोजना पर विचार किया जायेगा। इससे पहले गृह मंत्री के बीकानेर पंहुचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नाल हवाईअड्डे पर उनकी अगुवानी की।

0000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने पश्चिम एशिया संघर्ष के चलते ईंधन, उर्वरक और विदेशी मुद्रा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है। श्रीमती सीतारमन ने कल मुंबई में एक कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के इको सिस्टम को मजबूत करने और ग्रामीण उद्योगों के आधुनिकीकरण में तेजी लाने के लिए कई पोर्टल और पहलों का शुभारंभ किया। श्रीमती सीतारमन ने कहा कि कच्चे तेल के अलावा उर्वरक की कीमतो में भी काफी बढोतरी हुई है।

0000

सरकार देश में पेट्रोलियम उत्पादों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यह बात कही।

0000

उर्वरक विभाग की अपर सचिव अपर्णा शर्मा ने बताया कि देश में उर्वरकों का भंडार संतोषजनक बना हुआ है।

0000

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर 21 जून को होने वाली नीट–यूजी–2026 की पुनर्परीक्षा के सुरक्षित, सुचारू और सफल संचालन का आह्वान किया है। श्री प्रधान ने देशभर के सभी मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों और प्रशासकों से इस संबंध में सहयोग मांगा है।

0000

कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जेकेलोन अस्पताल में प्रसुताओं की मौत के मामले की जांच में ये बात सामने आई है कि सभी प्रभावित प्रसुताओं को ऑक्सीटोसिन इन्जेक्शन लगाया गया था, जिसमें ऑक्सीटोसिन नदारद पाया गया है। जांच में इस इंजेक्शन के सेम्पल फेल पाये गये।

इस बीच कल सुल्तानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ड्रिप चढाने के बाद कई मरीजों की हालत बिगड गई। इन्हें कोटा रेफर किया गया, जहां उनकी स्थिति अब सामान्य हैं। सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि प्रभावित रोगियों को दिये गये आईवी फ्लूड को जांच के लिए भेजा गया है।

00000

प्रदेश में वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के तहत आज से ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे। ये पोर्टल 15 दिनों के लिए खुला रहेगा। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कल पाली में कहा कि योजना के तहत रेल और हवाई मार्ग से 56 हजार बुजुर्गो को निशुल्क तीर्थयात्रा करवायी जायेगी। इनमें 50 हजार ट्रेन से और 6 हजार श्रद्धालु हवाई मार्ग से यात्रा करेंगे।

0000

जोधपुर में कल भोगीशेल परिक्रमा का शुभारम्भ हुआ। ये मारवाड की प्राचीन धार्मिक परम्पराओं में खास मानी जाती है और क्षेत्र की सांस्कृतिक, धार्मिक और एतिहासिक विरासत को लोगों से जोडने का काम करती है। सामाजिक समसरता और लोक आस्था की इस परिक्रमा में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

0000

झुंझुनूं में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ग्राम विकास अधिकारी को साढे आठ लाख रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। झुंझुनूं में एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार पूनिया ने बताया कि आरोपी ने परिवादी से ये राशि आवासीय भूखण्ड पर मेडिकल स्टोर चलाने पर कार्रवाई का भय दिखाकर ली थी। आरोपी ने कन्वर्जन प्रकिया के नाम पर परिवादी से 10 लाख रूपये की रिश्वत मांगी थी।

0000

राज्य में जल संरक्षण और आधुनिक खेती की दिशा में करौली जिला नई पहचान बना रहा है। जिले में किसानों ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सूक्ष्म सिंचाई तकनीक को अपनाकर पानी की बचत का संदेश दिया है। साथ ही उत्पादकता बढाकर मिसाल कायम की है।

0000

अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व से नये शावको के आगमन की खबर है। ताल वृक्ष रेंज में बाघिन एसटी–22 ने दो शावको को जन्म दिया है। इसके साथ ही सरिस्का में अब बाघों की संख्या बढकर 54 हो गई है। इनमें 11 बाघ 17 बाघिने और 26 शावक शामिल है। नये शावको के नजर आने के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में निगरानी बढा दी है। वहीं गर्मी के मौसम को देखते हुए क्षेत्र के जलस्त्रोतों और वाटर पॉइन्ट्स को नियमित रूप से भरवाया जा रहा है।

0000

प्रदेश में चल रहे भीषण गर्मी के दौर के बीच अब दिन के साथ रातें भी काफी गर्म हो रही है। रात के समय गर्म हवाओं का प्रकोप लोगों को बेहाल कर रहा है। कल 8 शहरों में दिन का पारा 44 और 13 शहरों में रात का पारा 30 डिग्री के पार मापा गया। 45 दशमलव 6 डिग्री के साथ सीकर का दिन और 33 दशमलव 3 डिग्री के साथ हनुमानगढ के संगरिया की रात सबसे गर्म रही। मौसम विभाग के अनुसार सीकर के अलावा चित्तौडगढ और श्रीगंगानगर में भी पारा 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। वहीं करौली, दौसा, चूरू, झुंझुनूं, बीकानेर, फलोदी, कोटा, अलवर और जयपुर में रात का पारा 30 डिग्री के पार रिकॉर्ड हुआ। राज्य में अगले तीन दिन अधिकतर हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं तापमान में बढोतरी हो सकती है। साथ ही कुछ स्थानों पर तेज हवायें चलने का भी अनुमान है।

0000